कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-02
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-02
दूरभाष/Phone: 011-23234092, 23234093

वेबसाइट:www.esic.gov.in ई-मेल:rajbhasha.hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/17/07/2016-रा.भा. **दिनांक : 02 जनवरी/2025**

सेवा में,

1. सभी शाखाएं, मुख्यालय, क.रा.बी. निगम, पंचदीप भवन, नई दिल्ली।
2. सभी क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम
3. क.रा.बी. निगम आदर्श अस्पताल/चिकित्सा महाविद्यालय/ व्या. रोग निदान केंद्र
4. राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।

विषय : हिंदी गृह पत्रिका 'पंचदीप भारती' के 19 वें अंक हेतु लेख/रचनाएँ मँगवाने के संबंध में।

मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'पंचदीप भारती' के 19 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है। इस उद्देश्य से मुख्यालय, नई दिल्ली सहित निगम की क्षेत्रीय इकाइयों से लेख/साहित्यिक रचनाएँ (कविता/कहानियाँ/यात्रावृतांत इत्यादि) प्रेरणादायी अनुभव/सफल प्रयासों पर आलेख आदि रचनाएं लेखक के फोटो सहित आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपना रचनात्मक सहयोग दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक मुख्यालय की राजभाषा शाखा के ई-मेल पते rajbhasha-hq@esic.gov.in पर भेज सकते हैं। रचनाएं स्वच्छ और सुपठित हों तथा मंगल फॉन्ट में टाइप कर वर्ड डॉक्यूमेंट में यूनिकोड में तैयार कर निर्धारित समय के भीतर मुख्यालय को प्रेषित की जाएं।

अतः ज्ञानप्रद, जानकारीपूर्ण, स्वस्थ व मनोरंजक रचनाएं आमंत्रित हैं।

02.01.2025
(श्याम कुमार)
संयुक्त निदेशक(राजभाषा)

नोट: रचनाएं यथासंभव मौलिक और स्वरचित हों। यदि कोई उद्धरण या साभार संकलित सामग्री हो तो उसका उचित संदर्भ दिया जाए। कृपया ध्यान दें कि रचनाओं में भारत सरकार, किसी राज्य सरकार या संघीय क्षेत्र, किसी विभूति तथा किसी कार्यालय अथवा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नियमों, प्रतिमानों व आदर्शों के विरुद्ध किसी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी व शब्द का प्रयोग न हो तथा किसी भी रचना के संबंध में कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन न हो। रचना की मौलिकता के संबंध में रचनाकार का घोषणा/प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न हो। किसी विसंगति या दावे के संबंध में रचनाकार उत्तरदायी होंगे।

।। घोषणा-पत्र ।।

मैं __________________________________ यह घोषणा करता/करती हूँ कि

____

शीर्षक की रचना मेरी मौलिक, स्वरचित एवं अप्रकाशित रचना है।

यह रचना किसी रचनाकार के स्वाधिकार/कॉपीराइट नियमों/ पेटेंट का उल्लंघन नहीं करती है। किसी प्रकार के (विधिक सहित) उल्लंघन आदि के लिए उत्तरदायित्व मेरा होगा।

( )

दिनांक :

स्थान :

नाम:

पदनाम:

पता:

संपर्क नं.